आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–07 जनवरी 2026 सान्ध्य समाचार

तीन दिवसीय भारत अंतराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन सम्मेलन– आईआईसीडीईएम इक्कीस जनवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। नई दिल्ली में आज सम्मेलन के बारे में मीडिया को संबोधित करते हुए आईआईआईडीईएम के महानिदेशक राकेश वर्मा ने बताया कि सम्मेलन का विषय समावेशी, शांतिपूर्ण, लचीले और टिकाऊ विश्व के लिए लोकतंत्र है।

ये तीन दिन की कॉन्फ्रेंस इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडीज के लिए बहुत महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस है और ये इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया और ट्रिपल आईडीएम यहां पर भारत मंडपम में ऑर्गेनाइज कर रहे हैं। इस तीन दिन की कॉन्फ्रेंस में इलेक्शन मैनेजमेंट से जुड़े हुए सारे ही पहलु जो इलेक्टोरल प्रोसेसेस हैं, जो सिस्टम्स हैं, जो चैलेंजेस हैं, जो सॉल्यूशन्स हैं, उनपे डिस्कशन होगा और डिस्कशन के अलावा जो बेस्ट प्रेक्टिसेज हैं वो शेयर की जाएंगी ताकि एक–दूसरे से हमलोग सीख सकें और एक साथ में बैठ के उनके जो चैलेंजेस हैं, उनके सॉल्यूशन्स भी निकाले जा सकें।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में एक उच्च स्तरीय बैठक में मिशन कर्मयोगी के तहत राज्य में अब तक हुई प्रगति और आगामी कार्य योजना की विस्तार से समीक्षा की। एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक परिवर्तनकारी पहल है। इसका उद्देश्य वैश्विक दृष्टिकोण के साथ भारतीय संस्कृति के लोकाचार में निहित मूल्यों को आत्मसात करते हुए ऐसे सक्षम मानव संसाधन तैयार करना है जो प्रदेश और देश के विकास की प्रेरक शक्ति बने। श्री योगी ने सभी विभागों और सरकारी संस्थाओं के पाठ्यक्रम में एआई और साइबर सिक्युरिटी को अनिवार्य रूप से शामिल करने का भी आह्वान किया। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने वहां पर निर्माणाधीन गोरखपुर–पिपराइच फोरलेन मार्ग का जंगल धूषण के भट्ठा चौराहे के पास निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। उन्होंने फोरलेन के लिए बनाए गए नक्शे को भी देखा। मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में महायोगी गुरु श्री गोरक्षनाथ की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना भी की।

****

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश को बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट पुरस्कार से सम्मनित किया है। यह जानकारी प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री जेपीएस राठौर ने दी। उन्होंने इस उपलब्धि पर विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है।

****

प्रयागराज के माघ मेला क्षेत्र में पॉलीथीन के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। मेला प्रभारी ऋषिराज ने आज बताया कि पर्यावरण संरक्षण के मद्देनज़र मेला क्षेत्र में प्लास्टिक से निर्मित कप, दोना एवं पत्तल और गिलास के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पतित पावनी माँ गंगा और यमुना की जलधारा को स्वच्छ बनाये रखने में सभी संतो, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

****

अब केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित एक सौ सत्तर से अधिक स्मारकों और संग्रहालयों के लिए ऑनलाइन टिकट खरीदे जा सकेंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने इसके लिए ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स की शुरुआत की है।

****

प्रदेश में पंचायत चुनाव के लिए मतदाता पुनरीक्षण अभियान दो हजार पचीस की समय सीमा बढ़ा दी गयी है। अब दावे और आपत्तियों के निस्तारण सहित अन्य कार्यवाही सत्ताईस मार्च तक होगी। अट्ठाईस मार्च को राज्य निर्वाचन आयोग अंतिम सूची प्रकाशित करेगा। पहले छः फरवरी को अंतिम सूची प्रकाशित की जानी थी।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से दो सप्ताह के भीतर उन सभी स्रोतों की पहचान करने को कहा है जो प्रदूषण के मुख्य कारक हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची ने कहा कि आयोग सभी विशेषज्ञों के साथ चर्चा कर दीर्घकालिक समाधान सुझाए जिसे चरणबद्ध रूप से लागू किया जा सके। एक रिपोर्ट–

न्यायालय ने कहा कि यह सुझाव ऐसे होने चाहिए जिससे लोगों की आजीविका, उद्योग और जनता पर प्रतिकूल प्रभाव न पडे। न्यायालय ने यह भी कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के उपाय इसलिए विफल रहे कि न्यायालय ने कई विशेषज्ञों के विचार लिए जो अलग–अलग प्रकार के थे। पीठ ने रिपोर्ट देने के लिए दो महीने का समय दिए जाने के संबंध में अपर सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी के अनुरोध पर तीखी प्रतिक्रिया दी। हालांकि, न्यायालय ने आयोग को दो सप्ताह का समय देते हुए इस महीने की 21 तारीख तक कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समाचार कक्ष से मुकेश कुमार बल।

****

प्रदेश भर में कड़ाके की ठंड और कोहरे का प्रभाव बना हुआ है। मौसम विभाग ने कल भी कहीं कहीं घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इस अवधि में मौसम शुष्क बना रहेगा। ठंड और कोहरे को देखते हुए कुछ जिलों में स्कूलों में अवकाश की अवधि बढ़ा दी गई है।

****